RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 1 सितम्बर 2023 | वर्ष 05 | अंक 128 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# बीड जिले में किसानों को मिलेगा 25 प्रतिशत अग्रिम फसल बीमा



**बीड :** महाराष्ट्र के बीड जिले के 87 राजस्व क्षेत्रों में सोयाबीन, मूंग और उड़द उत्पादक किसानों को एक माह के भीतर 25 प्रतिशत अग्रिम फसल बीमा प्राप्त होगा। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बीड जिले के किसान विशेष रूप से सोयाबीन उत्पादक लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण बहुत से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। जिलाधिकारी दीपा मुधोल-मुंडे ने एक अधिसूचना जारी कर सूखे की स्थिति का आकलन करने के लिए सभी 87 राजस्व क्षेत्रों में सोयाबीन, उड़द और मूंग की फसलों का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। यह अधिसूचना तीन दिन पहले छत्रपति संभाजीनगर में मराठवाड़ा क्षेत्र में सूखे की स्थिति की समीक्षा बैठक में राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे के आदेशानुसार जारी की गई थी। बीड जिले के सभी 11 तालुका कम बारिश के कारण सूखे का सामना कर रहे हैं और श्री मुंडे ने राजस्व, कृषि विभागों और फसल बीमा कंपनी को संयुक्त सर्वेक्षण करने और सात दिनों में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिले में किसानों को अंतरिम राहत के रूप में 25 प्रतिशत अग्रिम फसल बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# इंडिया गठबंधन का एजेंडा केवल प्रधानमंत्री मोदी को हटाना !

## वंशवादी पार्टियों की दुकान हो रही बंदः देवेंद्र फडणवीस’

**मुंबई : महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में विपक्षी दलों के इंडियागठबंधन के नेता गुरुवार और शुक्रवार को होने वाली बैठक के लिए पहुंचे हैं। इस बीच उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इंडियागठबंधन को एजेंडा-विहीनकरार देते हुए कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पद से हटाना है। गौरतलब है कि मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में 31 अगस्त और एक सितंबर को होने वाली, 28 राजनीतिक दलों वाले विपक्षी गठबंधन ‘इंडियाकी बैठक में 63 प्रतिनिधि शामिल होंगे।**

मीडिया से बातचीत के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा, इस गठबंधन का कोई असर नहीं होने वाला है। जो लोग मुंबई आए हैं उनका एक ही एजेंडा है कि पीएम मोदी को (उनके पद से) हटाओ। ये एजेंडा क्यों? क्योंकि पीएम मोदी के कारण सभी वंशवादी पार्टियों की दुकानें बंद हो रही हैं। इनके पास न तो कोई नेता है, न ही नीति और न ही नियत। वे चाहे जितनी कोशिश कर लें लेकिन पीएम मोदी को लोगों के मन से नहीं निकाल सकते।

फडणवीस ने कहा, पीएम मोदी ने जिस तरह का नेतृत्व दिया है और जिस तरह से उनके नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है उसके चलते लोगों के मन में पीएम मोदी हैं। एक बार जब मोदी ने लोगों के मन में जगह बना ली है, तो 36 नहीं, बल्कि 100 पार्टियां भी एक साथ आ जाएं, तो भी उन्हें हटा




नहीं सकतीं। वह अपनी कड़ी मेहनत, गरीब हितैषी नीतियों और अपने काम के प्रति समर्पण के कारण लोगों के दिल में बसे हैं। फडणवीस ने आगे कहा, अब तक 5 पार्टियां पीएम पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर चुकी हैं। वे एक उम्मीदवार तय ही नहीं कर सकते। वे तय करके करेंगे क्या? उनका कोई भी उम्मीदवार लोगों के मन में नहीं बस सकता। इसलिए, मुझे लगता है कि एक मीडिया कार्यक्रम हो रहा है और हम सभी उसे देख रहे हैं।

वहीं, भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने इंडियागठबंधन को जानवरों का झुंडकरार दिया। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन कुछ और नहीं बल्कि जानवरों का एक झुंड है। वे खुद को बड़ा बदलाव करने में सक्षम बताते हैं लेकिन उनके दावे पहले ही खारिज हो चुके हैं। बावनकुले ने दावा किया कि 28 दलों वाले ‘इंडियागठबंधन की कुछ पार्टियां ऐसी हैं जिनके पास महाराष्ट्र में एक भी कार्यकर्ता नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले भी इसी तरह के प्रयास किए थे लेकिन वे असफल रहे थे।

# मुंबईः CM से नहीं कराई गई बात तो दी मंत्रालय को उड़ाने की धमकी, फोन कर बोला- बम रख दिया हूं

## सीएम शिंदे से बात न कराने पर मुंबई में मंत्रालय को उड़ाने की धमकी, पुलिस ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

**मुंबई :** मुंबई पुलिस को मंत्रालय को बम से उड़ाने की धमकी भरी कॉल मिली. इसकी सूचना मिलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया. मुंबई पुलिस के मुताबिक, ‘एक व्यक्ति ने कॉल करके धमकी दी कि मंत्रालय में बम है.’ कॉल करने वाले ने धमकी दी कि अगर उसे सीएम एकनाथ शिंदे से बात नहीं करने दी गई, तो वह मंत्रालय को बम से उड़ा देगा.’ इस धमकी के बाद पुलिस ने एहतियात के तौर पर सर्च आपरेश शुरू कर दिया है. धमकी भरी कॉल मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गये हैं. पुलिस और सुरक्षा एजेंसिया डॉग स्क्वायड की मदद से मंत्रालय के






चप्पे-चप्पे की गहनता से जांच कर रही हैं. पुलिस के मुताबिक मंत्रालय को बम से उड़ाने के धमकी देने वाला व्यक्ति मूल रुप से महाराष्ट्र के अहमदनगर का रहने वाला है, जिसका नाम बालकृष्ण भाऊसाहेब ढाकने है. वह किस लिए सीएम एकनाथ शिंदे से बात करना चाहता रहा था, पुलिस इस मामले की सभी एंगल से जांच में जुट गई है. बीते 15 दिनों में मुंबई स्थित मंत्रालय को दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है. गुरुवार (31 अगस्त) को भी कॉल करने वाला गुमनाम व्यक्ति सीएम शिंदे से बात करने के लिए दबाव डाल रहा था. गुमनाम कॉल करने वाले ने ये भी धमकी दी कि अगर उसकी बात सीएम ने से नहीं करवाई गई तो वह मंत्रालय को उड़ा देगा. फिलहाल सुरक्षा एजेंसिया कॉल करने वाले की तलाश में जुट गई है. मुंबई पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में कॉल करने वाले की लोकेशन अहमदनगर से प्राप्त हुई है, जबकि कॉल जिस नंबर से कॉल आई उसका नाम बालकृष्ण भाऊसाहेब ढाकने बताया जा रहा है.

# मुंबई में पोस्टर वॉर, बाल ठाकरे की फोटो लगा उद्धव ठाकरे पर बोला हमला, लिखा- मैं शिवसेना को...’

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में इंडिया अलायंस की बैठक से पहले पोस्टर वॉर जारी है. एक ओर जहां जनता दल यूनाइटेड के नेता और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पोस्टर लगे तो वहीं अब शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीर के साथ एक पोस्टर लगाया गया है. इस पोस्टर में मराठी में लिखा गया है- ‘मी शिवसेनेची कॉंग्रेस होऊ देणार नाही’ यानी मैं शिवसेना को कांग्रेस नहीं बनने दूंगा. हालांकि इस पोस्टर पर किसी दल या व्यक्ति का नाम नहीं लिखा गया है लेकिन यह माना जा रहा है कि पोस्टर शिंदे गुट की शिवसेना की ओर से लगाया गया है. शिंदे गुट ने इस पोस्टर के जरिए उद्धव गुट पर निशाना साधा है. यह पोस्टर उसी जगह के करीब लगाया गया है जहां इंडिया अलायंस की बैठक होने वाली है.

उधर, जेडीयू के स्थानीय नेताओं ने भी मुंबई में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की होर्डिंग लगाई है.



जिस पर लिखा गया है- ‘देश मांगे नीतीश.’ हालांकि नीतीश कुमार इससे पहले भी कई मौकों पर इंडिया अलायंस का संयोजक बनने से इनकार कर चुके हैं. इतना ही नहीं वह प्रधानमंत्री पद के चेहरे के सवाल पर भी कह चुके हैं कि वह किसी पद की रेस में नहीं हैं.

**महाराष्ट्र में क्या हैं राजनीतिक समीकरण**

दीगर है कि महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) गुट, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, इंडिया अलायंस के बड़े दल हैं. वहीं एकनाथ शइंदे की अगुवाई वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार में है. इसके अलावा एनसीपी में अजित पवार गुट भी इनके साथ सरकार में है. वहीं उद्धव बाला साहेब ठाकरे गुट वाली शिवसेना ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन, ऊंची उड़ान भरेगा और भारत जीतेगा. गुरुवार को प्रकाशित मुखपत्र सामना के जरिए शिवसेना (यूबीटी) ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा है.




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### चीन की चालबाजी

*चीन सरकार ने सोमवार को एक बार फिर नक्शा जारी कर ऐसे कई इलाकों पर अपना अधिकार जताया, जो उसके नहीं हैं। इन इलाकों में भारत का समूचा अरुणाचल प्रदेश और अक्साईचिन तो है ही, साउथ चाइना सी और ताइवान के वे इलाके भी हैं, जिन पर अन्य देश दावा करते हैं। हालांकि चीन ने कोई पहली बार इस तरह का दावा नहीं किया है। लेकिन इस बार यह ऐसे समय किया गया है, जब दस दिनों के अंदर भारत की अध्यक्षता में ॠ-20 की शिखर बैठक होने वाली है, जिसमें शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर खुद चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी आ रहे हैं। जाहिर है, भारत की पहली प्राथमिकता अभी यही होगी कि ॠ-20 बैठक के अजेंडे में शामिल विषयों से अलग अन्य कोई मसला एक हद से ज्यादा न उछले और माहौल इस कदर खराब न हो कि बैठक के नतीजों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बन जाए। शायद यह भी एक वजह रही कि भारत ने हालांकि डिप्लोमैटिक चैनलों के जरिए इस पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है, लेकिन खुद विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसे ज्यादा तवज्जो देते नहीं दिखे। सवाल किए जाने पर उन्होंने इसे निरर्थक बताते हुए इतना ही कहा कि चीन पहले भी ऐसे दावे करता रहा है और यह इसकी पुरानी आदत है। मगर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक कदम आगे बढ़ते हुए यह भी जोड़ा कि ऐसे कदम सीमा से जुड़े सवालों को हल करना और मुश्किल बना सकते हैं।*

*गौर करने की बात है कि अभी-अभी साउथ अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में हुई ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान चीन के प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक नहीं हुई। इसके पीछे एक बड़ी वजह यह बताई जाती है कि छअउ पर दोनों पक्षों के बीच जारी गतिरोध दूर करने की कोशिशें सफल नहीं हुईं और भारत ने पहले से ही स्पष्ट कर रखा है कि सीमा पर गतिरोध दूर करके 2020 से पहले की यथास्थिति बनाए बगैर दोनों देशों के रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। यह भी महत्वपूर्ण है कि नई दिल्ली में ॠ-20 शिखर बैठक के दौरान ही नहीं, उससे पहले इंडोनेशिया के जकार्ता में होने वाली आसियान देशों की शिखर बैठक में भी दोनों नेताओं की मुलाकात हो सकती है। हालांकि मौजूदा विवाद पर चीन की तरफ से कहा जा सकता है कि उसके रुख में किसी तरह का बदलाव नहीं आया है और ताजा मैप के जरिए उसने अपने पुराने स्टैंड को ही बस एक बार और स्पष्ट किया है। लेकिन उसे समझना होगा कि चाहे इस तरह से मैप जारी करने की बात हो या भारत के अरुणाचल प्रदेश में आने वाले कुछ इलाकों के नाम बदलने का (जैसा कि उसने इसी साल अप्रैल में किया था), इससे माहौल बिगड़ता है और दोनों देशों के रिश्तों में विश्वास बहाली की प्रक्रिया बाधित होती है।*

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# INDIA की बैठक से पहले राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस...

## अदाणी मामले में भरी हुंकार, सरकार को घेरा

**ठाणे :** कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और राहुल गांधी विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस की तीसरी बैठक में शामिल होने के लिए मुंबई पहुंचे। कांग्रेस समर्थक उनके स्वागत के लिए मुंबई हवाई अड्डे के बाहर एकत्र हुए। बैठक से पहले राहुल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने अदाणी मुद्दे को लेकर बात की और कंपनी पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी घेरा। राहुल गांधी ने कहा कि अभी जी-20 का माहौल है। भारत के लिए जरूरी है कि यहां के आर्थिक परिवेश और कारोबारी क्षेत्र में सभी के लिए बराबर अवसर और पारदर्शिता रहे। आज के अखबारों



में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल पूछा गया है। दुनिया के अखबारों द गार्डियन और फाइनेंशियल टाइम्स में गौतम अदाणी के बारे में खबर है कि अदाणी परिवार से जुड़े व्यक्ति ने विदेशी फंड के जरिए अपने ही स्टॉक में निवेश किया। अदाणी जी की कंपनियों के नेटवर्क के जरिए एक अरब डॉलर पैसा भारत से बाहर गया और अलग-अलग देशों से घूमकर वापस आया। इससे अदाणी समूह के शेयरों की कीमत बढ़ी। इन पैसों का बंदरगाहों और हवाई अड्डों जैसी भारतीय संपत्तियों को हासिल करने के लिए इस्तेमाल हुआ। राहुल ने कहा कि सबसे पहले यह सवाल उठता है कि यह पैसा किसका है? यह अदाणी जी का या किसी और का है? अगर किसी और का है तो किसका है? दूसरा सवाल यह है कि इसके पीछे मास्टरमाइंड कौन है? क्या विनोद अदाणी हैं? दो विदेशी नागरिक नासिर अली, चीन के चेंग चूंग लींग भी इसमें शामिल हैं। ये विदेशी नागरिक कैसे भारत के शेयर बाजार को चला रहे हैं? चीन के नागरिक की क्या भूमिका है? तीसरा सवाल है कि जिन्होंने इस मामले की जांच की और क्लीन चिट दी, उन सेबी चेयरमैन को बाद में अदाणी जी की कंपनी में कैसे डायरेक्टर बनाया गया? उन्होंने कहा कि भारत की छवि दांव पर है। इस बारे में संयुक्त संसदीय समिति के गठन और गहन जांच की जरूरत है। जी-20 के मेहमान यहां आ रहे हैं और यहां आकर वे पूछ सकते हैं कि यह विशेष कंपनी कौन सी है, जिसे प्रधानमंत्री के करीबी व्यक्ति चलाते हैं। उन्हें इतनी खुली छूट कैसे दी जा रही है?

## ठाणे में सरकारी कार्यालय का लिपिक 25 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सहकारी समिति उप-पंजीयक कार्यालय के एक लिपिक को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसीबी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि आरोपी ने सोसाइटी के खिलाफ नोटिस जारी करने, एक प्रशासक की नियुक्ति करने और इमारत का ऑडिट करने के अनुरोध पर एक आवासीय सोसाइटी के सदस्य से कथित तौर पर 50,000 रुपये की मांग की थी।

विज्ञप्ति में बताया कि बाद में आरोपी 45 हजार रुपये में काम करने को तैयार हो गया। अधिकारी ने बताया कि सोसाइटी के सदस्य ने एसीबी की ठाणे इकाई में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद जाल बिछाकर भायंदर इलाके में उप-पंजीयक कार्यालय से आरोपी को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया गया। एसीबी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।

## ठाणे में 25 वर्षीय युवक की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश...

### पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने तीन लोगों को एक 25 वर्षीय युवक की हत्या कर उसके शव को जलाने के आरोप में मामला दर्ज कर हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि हत्या वित्तीय विवाद की कारण की गई थी। चीतलसर पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर गिरीश गोड ने बताया, 'आरोपी की पहचान गुरुनाथ काकड्या जाधव, करण अनिल सावरा और प्रशांत उर्फ बाबू मारुति जबर के तौर पर हुई है। तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।' मृतक की पहचान आकाश थुबे के तौर पर की गई है जो वसंत विहार इलाके का रहने वाला था। 29 अगस्त को पैसो की वजह से हुए विवाद में जादव के घर पर धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी गई। मृतक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेत-त्व वाली शिवसेना से जुड़े थे। आरोपियों ने मृतक के शरीर से सोने की ज्वेलरी निकालकर शव को पहाड़ी के पास जलता हुआ छोड़ दिया। तीनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 201 (सबूतों को गायब करने) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



# 'हम अजित पवार की दादागिरी के बारे में जानते हैं'...

## महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता ने फडणवीस को बताया 'सुपर सीएम'

- महाराष्ट्र के कांग्रेस अध्यक्ष पटोले ने राज्य सरकार पर साधा निशाना।
- महाराष्ट्र सरकार के काम काज पर कांग्रेस नेता ने किया सवाल।
- उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर भड़के महाराष्ट्र के कांग्रेस अध्यक्ष।



**मुंबई :** महाराष्ट्र के कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को 'सुपर सीएम' बताया है। उन्होंने परोक्ष रूप से ये बताने की कोशिश की कि महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से अधिक उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को तवज्जो दी जाती है।

**कांग्रेस नेता ने अजित पवार पर साधा निशाना**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पटोले ने एनसीपी के बागी नेता अजित पवार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम अजित पवार की दादागिरी के बारे में भी जानते हैं। साथ ही उन्होंने शिंदे गुट के शिवसेना विधायकों का भी मजाक उड़ाया।

दरअसल, कांग्रेस नेता नाना पटोले महाराष्ट्र के मुख्य सचिव मनोज सौनिक द्वारा जारी एक निर्देश पर सवालों का जवाब दे रहे थे। मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि किसी भी फाइल पर सीएम एकनाथ शिंदे की मंजूरी लेने से पहले अजित पवार के पास भेजना है, फिर उसे देवेंद्र फडणवीस के पास भेजा जाय। यानी कि फाइल को पहले अजित पवार, फिर देवेंद्र फडणवीस और अंत में सीएम शिंदे के पास भेजना है।

**सरकार में शामिल हुए थे अजित पवार**

बता दें कि अजित पवार हाल ही में एनसीपी में बगावत करते हुए अपने गुट के नेताओं के साथ महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए। उन्हें सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।

### शिंदे ने भाजपा के साथ बनाई थी सरकार

बता दें कि महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार में अजित पवार के पास वित्त विभाग था। एमवीए सरकार में शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस शामिल थी। पिछले साल जून में एकनाथ शिंदे ने अपने गुट के विधायकों के साथ सरकार में विद्रोह कर दिया था। विद्रोह के बाद शिंदे गुट के विधायकों ने भाजपा के साथ सरकार बनाई थी। शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री बने थे और देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। इसके बाद हाल ही में अजित पवार भी अपने गुट के साथ सरकार में शामिल हो गए। पिछले महीने अजित पवार गुट से आठ नेताओं को मंत्री बनाया गया था।

# बारिश की कमी के कारण महाराष्ट्र में सूखा घोषित करे सरकारः जयंत पाटिल



**महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र में बारिश की कमी से फसल पर असर हो रहा है और अब इसके साथ ही राज्य को सूखा प्रभावित घोषित करने की मांग हो रही है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार समूह) के नेता जयंत पाटिल ने महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर राज्य को सूखा प्रभावित घोषित करने की मांग की है। बारिश की कमी के बाद राज्य में सूखे की स्थिति बनी हुई है जिसके कारण राकांपा (शरद पवार समूह) के प्रदेश अध्यक्ष पाटिल ने राज्य सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। पाटिल ने कहा की सरकार को स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सूखा घोषित करना चाहिए और तदनुसार आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखे अपने पत्र में, पाटिल ने आशंका व्यक्त की कि इस संकट के कारण राज्य में किसान आत्महत्या कर सकते हैं। पाटिल ने कहा कि अगस्त में राज्य के कुछ इलाकों में औसत की 29 फीसदी बारिश हुई। उन्होंने कहा की फिलहाल 329 राजस्व मंडलों में 23 दिनों के अंतराल से बारिश होने से सूखे का साया गहरा गया है। कोंकण को छोड़कर राज्य के 18 जिलों में खरीफ सीजन बर्बाद हो गया है। सांगली जिले में सबसे कम बारिश दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में इस मानसून सीजन में अब तक औसत से 45 फीसदी कम बारिश हुई है।

# देश से बाहर भेजा गया एक बिलियन डॉलर किसका?

## राहुल गांधी ने अडानी मामले पर उठाया सवाल




**मुंबई :** इंडिया आघाड़ी की बैठक में भाग लेने आए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर अडानी का मुद्दा उठाया।यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दो विदेशी अखबारों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि देश से 1 बिलियन डॉलर्स बाहर गया पैसा किसका है? उन्होंने कहा कि बाद में यह पैसा वापस आया और इससे अडानी कंपनी के शेयरों में खरीदारी की गई और इससे प्राप्त रकम से देश की संपत्ति को खरीदा गया। उन्होंने सवाल किया कि जिस पैसे का उपयोग किया गया, वह किसका है, अडानी का या किसी और का? राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इस काम को करने वाला मास्टर माइंड विनोद अडानी है। इसके दो बिजनेस पार्टनर नासिर अली शबान और एक चीनी व्यक्ति चांग चुंग ली है। सवाल यह कि जब अडानी देश का इंफ्रास्ट्रक्चर खरीदे जा रही है तो इसमें चीनी व्यक्ति कैसे जुड़ गया? इसमें उसका क्या रोल है? राहुल ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब अडानी मामले की जांच हुई तो जिस व्यक्ति ने जांच कर क्लीन चिट दी।बाद में उसे अडानी की एक कंपनी का निदेशक बना दिया गया। इसका मतलब यह है कि ये एक नेटवर्क है। सेबी का चेयरमैन क्लीन चिट देता है और अडानी की कंपनी में डायरेक्टर बन जाता है। राहुल ने कहा कि सवाल यह है कि पीएम मोदी शांत क्यों हैं? विदेशी अखबार लिख रहे हैं कि नरेंद्र मोदी और अडानी का रिश्ता है। सीबीआई, ईडी अडानी से सवाल क्यों नहीं कर रही है? उन्होंने कहा कि ह्यजी20ह्ण की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। राहुल गांधी ने कहा कि साफ होना चाहिए कि देश से बाहर भेजा गया एक अरब बिलियन डॉलर किसका पैसा है?

उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश के लिए बहुत जरूरी है कि हमारे आर्थिक माहौल में पारदर्शिता और व्यापार में समान अवसर हों। दो प्रमुख वैश्विक अखबारों ने महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं।

# MLA बच्चू कडू ने सचिन तेंदुलकर के घर के बाहर किया प्रदर्शन,

## भारत रत्न लौटाने की मांग की...



**मुंबई :** महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ सहयोगी प्रहार जनशक्ति पार्टी (पीजेपी) के नेता ओमप्रकाश बाबाराव उर्फ बच्चू कडू ने यहां बांद्रा इलाके में सचिन तेंदुलकर के घर के बाहर गुरुवार (31 अगस्त) को विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने इस महान क्रिकेटर द्वारा एक ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन करने को लेकर उनकी आलोचना की और भारत रत्न लौटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए मांग की कि तेंदुलकर अपना भारत रत्न पुरस्कार लौटा दें क्योंकि वह ऑनलाइन गेम का प्रचार कर रहे हैं जो युवाओं को बर्बाद कर सकता है। पुलिस बाद में बच्चू और उनके समर्थकों को प्रदर्शन स्थल से ले गई।

पुलिस द्वारा ले जाये जाने से पहले बच्चू ने संवाददाताओं से कहा, सचिन तेंदुलकर को अपना भारत रत्न पुरस्कार वापस कर देना चाहिए। यदि वह ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापन से बाहर नहीं निकलते हैं, तो हम आगामी गणेशोत्सव के दौरान हर उस गणेश पंडाल (आगामी गणपति उत्सव के दौरान) के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे जहां यह विज्ञापन प्रदर्शित किया जाएगा और इसे हटाने की मांग करेंगे। वह पूरे देश के भारत रत्न हैं। बच्चू कडू ने कहा कि अगर तेंदुलकर को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया गया होता, तो उन्होंने उन्हें निशाना नहीं बनाया होता। उन्होंने कहा, अगर वह ऐसी चीजों को बढ़ावा देकर 300 करोड़ रुपये कमाना चाहते हैं, तो उन्हें तुरंत भारत रत्न वापस कर देना चाहिए।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले कडू ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक पत्र लिखा था और यहां तक कि मांग की थी कि अगर वह ऑनलाइन गेमिंग जैसी अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना जारी रखते हैं तो देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न वापस ले लिया जाना चाहिए। महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार में पूर्व मंत्री कडू ने तेंदुलकर को ऑनलाइन गेमिंग विज्ञापनों में दिखना बंद नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी।



# नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी- पुलिस उपायुक्त गायकवाड़



**मीरा भायंदर :** सरकार ने यातयात के नियमों का उलनग्न करने वालों के लिए काफी सख्त कानून बनाए हैं मगर मीरा भायंदर शहर में स्कूल जाने वाले नाबालिग बच्चे इन सभी कानूनों को ठेंगा दिखाते हुए दोपहिया वाह पर गाड़ी का हैंडल छोड़ कर गाड़ी पर ट्रिपल सीट सवारी करते हुए दिखाई दे रहे हैं , लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। बच्चे द्वारा स्कूल यूनिफॉर्म में स्कूटर चलाते का वीडियो कांकिया पुलिस स्टेशन से मैकडोनाल्ड सिग्नल की ओर जाते समय का है . ऐसे में अब यह सवाल खड़ा हो रहा कि अगर बच्चे द्वारा गाड़ी चलाते समय कोई घटना हो जाए तो उसका कौन जिम्मेदार होगा, माता-पिता, स्कूल या ट्रैफिक पुलिस??. इस विषय में पुलिस उपायुक्त प्रकाश गायकवाड़ ने कहा है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.यही नही इसके अलावा भी शहर में यातयात के नियमों का खुलेआम उलंघन हो रहा हैं ,जिस जगह ट्रैफिक विभाग ने नोपार्किंग का बोर्ड लगाया हैं उस जगह बड़ी संख्या में वाहन खड़े किए जा रहे हैं इसके अलावा बड़े बड़े ट्रक बिना किसी डर के शहर के अंदर चल रहे हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम हो रहा हैं

# हत्या का पदार्फाश, पति ने पत्नी की गला दबाकर की थी हत्या !

**थाणे :** थाणे के वर्तक नगर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या इसलिए कर दी कि उसके छोटे भाई को दहेज में बहुत अधिक जेवरात मिल गए थे। आरोपी व्यक्ति ने घर में ही पहले अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या की उसके बाद उसे आत्महत्या बताने के लिए घर के पंखे से लटका कर फरार हो गया। हालांकि, उसे यह नहीं पता था कि घर में बच्चों के सामने उनकी मां की इस तरह हत्या करना उसके लिए खतरा साबित हो सकता है। आखिरकार उस हत्या का पदार्फाश उन बच्चों के बयान पर हुआ और पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर के सोनौरा गांव से गिरफ्तार कर लिया।




बता दें कि उत्तर प्रदेश के जिले सिद्धार्थनगर के नौरा गांव के रहने वाले कल्लू यादव ने दस वर्ष पहले अपनी बेटी उषा का विवाह वहीं पास के गांव सोनौरा के रहने वाले सदाफल हरिराम यादव से किया था। शादी के बाद से सदाफल अपनी पत्नी उषा के साथ ठाणे स्थित वर्तक नगर में रहने लगा था। शादी के बाद उन्हें दो बच्चे हुए थे। शादी के कुछ दिनों बाद से सदाफल अपनी पत्न ी से सदैव असंतुष्ट रहता था। कई बार वह उसे मारपीट कर भगा भी चुका था, लेकिन अपने दो बच्चों की दुहाई देकर उषा अपना बसा बसाया घर छोड़ने को राजी नहीं थी। वह हर हाल में अपने ससुराल में ही अपना जीवन व्यतीत करना चाहती थी। हालांकि, आधुनिकता की चकाचौंध में मदांध सदाफल हर हाल में उसे अपने रास्ते से हटा देना चाहता था। सदाफल शराब का आदी भी हो गया था। वह अक्सर शराब के नशे में आकर उषा से मारपीट करता था। इसी बीच २३ जून २०१४ की रात लगभग ११ बजे सदाफल नशे की हालत में घर पहुंचा और अपनी पत्नी उषा से झगड़ा करने लगा। इस दौरान उस ने उषा के साथ मारपीट भी की। उस समय उसके दो बच्चे सात वर्षीय रिषभ और पांच वर्षीय दीपिका मौजूद थे, तभी सदाफल ने उषा का गला दबाकर हत्या कर दी और हत्या का संदेह किसी को न हो शव को पंखे से लटका दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद सदाफल तत्काल मुंबई से अपने मूल गांव उत्तर प्रदेश चला गया।

पुलिस ने सदाफल से पूछताछ की तो सदाफल ने कबूल किया कि उसने ही अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या की थी। हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए उसे पंखे से लटका दिया था, जिससे पुलिस को संदेह न हो। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सदाफल ने पुलिस को बताया कि उस के छोटे भाई को शादी में दहेज के रूप में अधिक जेवरात मिलने से वह काफी नाराज था। इसके लिए वो अपनी पत्नी को अपने घर से पैसे लाने के लिए दबाव बना रहा था, जिससे कई बार दोनों के बीच में झगड़े भी हुए थे। इस मामले में पुलिस ने बच्चों का बयान और आस-पास के लोगों के बयान को चार्जशीट में दाखिल कर आरोप सिद्ध कराया। इस मामले में कोर्ट ने सबूतों और गवाहों को देखते हुए आरोपी को सजा सुनाई। इसके बाद आरोपी अब सलाखों में अपने गुनाहों की सजा काट रहा है।

# मतदाता ही बागियों को उनकी जगह दिखाएंगे -शरद पवार



**मुंबई :** राकांपा छोड़ने के बाद अजीत पवार कई विधायकों को साथ लेकर सरकार में शामिल हो गए। इसके बाद भी अजीत पवार-शरद पवार की गुप्त बैठक हुई थी। उस पर उल्टी- सीधी चर्चा होती रही। मीडिया ने भी आज उस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि 'इंडिया' गठबंधन में शरद पवार और भाजपा में उनके सहयोगी भी महाविकास आघाड़ी के दलों के बीच कन्फ्यूजन पैदा कर रहे हैं। इस पर शरद पवार ने खुद स्पष्ट किया कि कोई कन्फ्यूजन नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के मतदाता ही बागियों को उनकी जगह दिखाएंगे।

बंगलुरु में आयोजित बैठक में 'इंडिया' गठबंधन के २६ घटक दल मौजूद थे। महाराष्ट्र में आने पर यह संख्या २८ तक पहुंच गई है। 'इंडिया' बढ़ रहा है और अगर यह वृद्धि जारी रही तो चीन पीछे हट जाएगा। ऐसा विश्वास कांग्रेस नेता नाना पटोले ने व्यक्त किया। चीन की बदमाशी जारी है। अब चीन ने अरुणाचल प्रदेश को अपने देश के नक्शे में दिखाया है। नाना पटोले ने इस पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि 'इंडिया' में घटक दलों के बढ़ने से चीन पीछे हट जाएगा। हमें खुशी है कि 'इंडिया' की तीसरी बैठक मुंबई में हो रही है। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मेहमानों का स्वागत महाराष्ट्र की संस्कृति के मुताबिक किया जाएगा। मुंबई का माहौल अब इंडियामय हो गया है। गठबंधन ने बैठक की पूरी तैयारी कर ली है। लद्दाख, अरुणाचल होते हुए चीन हिंदुस्थान की जमीन पर अतिक्रमण कर रहा है, लेकिन जैसे-जैसे 'इंडिया' गठबंधन आगे बढ़ेगा, वैसे-वैसे चीन भी पीछे हट जाएगा। यही भारत की ताकत है ऐसा विश्वास शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता, सांसद संजय राउत ने व्यक्त किया। ऐतिहासिक 'इंडिया' बैठक की जानकारी देने के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में संजय राउत ने मौजूद सभी लोगों का स्वागत किया। पटना और बंगलुरु के बाद 'इंडिया' की तीसरी बैठक मुंबई में हो रही है। इस अवसर पर संजय राउत ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहली दो बैठकों के बाद ही रसोई गैस में २०० रुपए की कटौती की, यह इंडिया की ताकत बताता है। जब लालू प्रसाद यादव इस बैठक के लिए आ रहे थे तो पत्रकारों ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा कि मोदीजी की गर्दन पर पैर रखने जा रहा हूं।

# एक अरब लोगों की जान ले सकता है ग्लोबल वार्मिंग

**मुंबई :** दुनियाभर में बढ़ती जनसंख्या और जंगलों की कटाई की वजह से ग्लोबल वार्मिंग यानी जलवायु में लगातार परिवर्तन हो रहा है। इस परिवर्तन का असर इंसानों के साथ-साथ जीव-जंतुओं पर भी पड़ता है। आने वाले समय में ये जलवायु परिवर्तन और अधिक खतरा बन सकता है। कनाडा में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग दो डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो अगली शताब्दी में लगभग एक अरब लोगों की जान ले सकता है।



शोधकताओं ने कहा कि तेल और गैस उद्योग ४० प्रतिशत से अधिक कार्बन उत्सर्जन के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार हैं, जो अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, जिनमें से कई लोग दुनिया के सबसे दूरस्थ और कम संसाधन वाले समुदायों में रहते हैं। मिली जानकारी के अनुसार, एनर्जीज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में आक्रामक ऊर्जा नीतियों का प्रस्ताव दिया गया है, जो कार्बन उत्सर्जन में तत्काल और ठोस कमी लाने में सक्षम होगी। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के डीकार्बोनाईजेशन में तेजी लाने के लिए सरकार, कॉर्पोरेट और नागरिक कार्रवाई के ऊंचे स्तर की भी सिफारिश करता है, जिसका लक्ष्य अनुमानित मानव मौतों की संख्या को कम करना है। शोधकर्ताओं ने पाया कि कार्बन उत्सर्जन की मानव मृत्यु दर पर सहकर्मी-समीक्षित साहित्य '१,०००-टन नियम' पर आधारित है, जो एक अनुमान है कि हर बार लगभग १,००० टन जीवाश्म कार्बन जलने पर भविष्य में एक समय से पहले मौत हो जाती है।

कनाडा में वेस्टर्न ओंटारियो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जोशुआ पीयर्स ने कहा, 'यदि आप १,००० टन के नियम की वैज्ञानिक सहमति को गंभीरता से लेते हैं और संख्याओं को चलाते हैं तो मानवजनित ग्लोबल वॉर्मिंग अगली शताब्दी में एक अरब समयपूर्व शवों के बराबर होगी। जाहिर है, हमें तेजी से कार्य करना होगा।' पीयर्स को उम्मीद है कि ग्लोबल वॉर्मिंग की भाषा और मेट्रिक्स को बदलने और चुनौती देने से अधिक नीति निमार्ता और उद्योग के नेता जीवाश्म ईंधन पर दुनिया की निर्भरता के बारे में कठिन सच्चाइयों को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। पीयर्स ने कहा, 'जैसे-जैसे जलवायु मॉडल की भविष्यवाणियां स्पष्ट होती जा रही हैं, हम बच्चों और भावी पीढ़ियों को जो नुकसान पहुंचा रहे हैं, उसका जिम्मेदार हमारे कार्यों को माना जा सकता है।'



# भिवंडी में सार्वजनिक मंडलों को मंडप निर्माण के लिए नहीं लगेगा कोई भी शुल्क

## मंडलों को सभी अनुमतियां लेना अनिवार्य...

## सभी परमिशनो हेतु एकल खिड़की योजना होगी शुरू

### गणेशोत्सव को लेकर मनपा व पुलिस पूरी तरह से तैयार,मुख्यालय किया गया समीक्षा बैठक

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी में गणेशोत्सव को लेकर मनपा व पुलिस महकमा पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष सार्वजनिक गणेश मंडलों को मंडप अनुमति के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा।जबकि गणेशोत्सव मंडलों को सभी परमिशन के लिए मनपा द्वारा एकल खिड़की योजना शुरू की गई है।इसके अलावा प्रभाग समिति स्तर पर परमिशन की व्यवस्था की गई है।

इस वर्ष 19 सितंबर से 29 सितंबर तक चलने वाले गणेशोत्सव को लेकर मनपा मुख्यालय में आयुक्त अजय वैद्य की अध्यक्षता में तैयारियों व सुविधावों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था।बैठक में शहर में खराब हुई सड़को की तत्काल मरम्मत, दवाओं के छिड़काव,शहर में साफ सफाई करना,सुचारू रूप से जलापूर्ति, बिजली आपूर्ति की समीक्षा की गई।जहां पर निर्णय लिया गया कि सरकार के निदेर्शानुसार सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों को मंडप लगाने के लिए कोई शुल्क का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। गणेश मंडलों को नियमानुसार सभी अनुमतियां लेना अनिवार्य होगा।साथ ही गणेशोत्सव



शुरू होने से पहले खराब सड़कों की मरम्मत करने के साथ ही सड़को से अतिक्रमण हटाने के साथ सभी विसर्जन घाटों की विशेष रूप से साफ सफाई के साथ मेडिकल टीम को तैनात किया जायेगा।इसके अलावा सभी विसर्जन घाटों पर निर्मल कलश रखना, वरालदेवी तालाब का जल शुद्धिकरण, विसर्जन के लिए नाव एवं बेड़ा, जीवनरक्षकों की नियुक्ति, सफाई आदि के लिए आवश्यक उपाय पर चर्चा कर इसे अमल में लाने की योजना तैयार की गई।इस बैठक में पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले, सार्वजनिक गणेशोत्सव के अध्यक्ष मदन भोई, टोरेंट पावर,मनपा व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

-सभी परमिशन लेना बंधनकारक

-शहर के गणेश मंडलों को नियमानुसार सभी अनुमतियां लेना अनिवार्य है।मनपा,पुलिस प्रशासन और यातायात पुलिस से अनुमति के लिए मनपा मुख्यालय व प्रभाग समिति स्तर पर एकल खिड़की योजना शुरू की जाएगी।

-अनुमतियों के लिए प्रभाग समिति स्तर पर ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन दोनों तरह के पंजीयन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

-जीवन रक्षक टीम को मनपा द्वारा डाक के माध्यम से 10 लाख का बीमा भी कराया जाएगा, जो विसर्जन के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता है।

## बेस्ट उपक्रम को मनपा अभी नहीं देगी अनुदान...

# बेस्ट को भाड़े की बसों पर रहना होगा निर्भर



**मुंबई :** बेस्ट प्रशासन की खस्ता हाल पर उपक्रम ने नई बस खरीदने के लिए मनपा से 3419,44 करोड़ का अनुदान मांगा था लेकिन मनपा प्रशासन ने फिलहाल अभी बेस्ट को अनुदान देने से इंकार किया है जिससे बेस्ट को अभी अधिकाश रूप से भाड़े की बसों पर ही निर्भर रहना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि बेस्ट उपक्रम में कुल 4300 बस थी जिसमे कब मात्र 1487 बस बेस्ट के खुद की रह गई है जबकि 1680 बस भाड़े पर ली गई शेष है। मनपा प्रशासन ने बेस्ट यूनियन को लिखित दिया है कि बेस्ट बेड़े में 3 हजार से अधिक बस हर समय बेस्ट की खुद की रहेगी। पिछले कुछ दिनों से बेस्ट की खस्ता हालत से बेस्ट नई बसे खरीदना ही बंद कर दिया है बेस्ट भाड़े पर ही बसों को लेकर लोगो को सुविधा उपलब्ध करा रही है।बेस्ट उपक्रम ने पिछले 5 सालों से भाड़े पर बस लेंकर खुद की बस खरीदना ही बंद कर दिया है।बेस्ट की आज यह हालत है कि बेस्ट बेड़े में इस समय कुल 3167 बस है जिसमे बेस्ट की खुद की मात्र 1487 है जबकि 1680 भाड़े पर ली हुई बस है। बेस्ट प्रशासन ने खुद की बसों की संख्या बढ़ाने के लिए मनपा से 3419,44 करोड़ का अनुदान मांगा था जिससे बेस्ट उपक्रम 2237 बस खरीदने का निर्णय लिया था।बेस्ट बेड़े में एक समय कुल 4300 बस थी।बेस्ट महाव्यवस्थापक विजय सिंघल ने मनपा आयुक्त को 16 जून 2023 को पत्र लिखकर अनुदान देने की गुहार लगाई थी।बेस्ट की मांग पर मनपा फिलाहल अनुदान देने के मूड में नहीं है जिससे बेस्ट की खुद की बसों की संख्या बढ़ाने को लेकर अभी इंतजार ही करना पड़ेगा।मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने कहा की मनपा बेस्ट को अनुदान देगी लेकिन अभी इसी साल में दिया जाएगा यह कहना मुश्किल होगा।बेस्ट उपक्रम ने मार्च महीने में बेस्ट की पुरानी हों चुकी 541 बस को स्क्रैप किया।यूनियन नेता शशांक राव ने बसों की संख्या बढ़ाने के लिए अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को ही मध्यस्था करने की गुहार लगाई है।पिछले दिनो बेस्ट के ठेके के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल पर चले जाने से यात्रियों को सप्ताह भर परेशानी झेलनी पड़ी थी।उस समय बेस्ट के ड्राइवर बस डिपो से निकाल कर यात्रियों को सुविधा दी। अब यात्रियों को कितना दिन ठेके के बेस्ट पर निर्भर रहना पड़ेगा इसको लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है।

# 2005 के बाद नियुक्त मनपा कर्मचारियों को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या किट का वितरण

### भिवंडी पालिका कार्ड बनाने वाली राज्य की पहली महानगर पालिका -आयुक्त अजय वैद्य

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** केंद्र और राज्य सरकारों के निदेर्शों के अनुसार संशोधित राष्ट्रीय पेंशन योजनानुसार नवंबर 2005 के बाद सरकारी सेवा में शामिल होने वाले सभी कर्मचारियों को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्राण) कार्ड प्राप्त करना आवश्यक है। भिवंडी महानगर पालिका आयुक्त और प्रशासक अजय वैद्य ने कहा प्राण कार्ड के अनेक आर्थिक फायदे है। जिसको सभी कर्मचारियों को लेना चाहिए। भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका इस तरह की पहल शुरू करने वाली राज्य की पहली महानगर पालिका है।।मनपा की तीसरी मंजिल पर स्थित सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, सामान्य प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त बालाराम जाधव,जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले, भविष्य निधि विभाग प्रमुख प्रकाश राठौड़, भविष्य निधि विभाग के अधीक्षक अनिल राठौड़ तथा भारी संख्या में अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। भिवंडी निजामपुर शहर



महानगरपालिका जन संपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार महाराष्ट्र सरकार और केंद्र सरकार की राष्ट्रीय सेवानिवृत्ति योजना के तहत 1 नवंबर 2005 के बाद सरकारी सेवा में शामिल होने वाले प्रत्येक कर्मचारी को एनपीएस में शामिल करने के लिए स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्राण) किट तैयार की गई है। इस प्राण कार्ड कीट का वितरण प्रशासक और आयुक्त अजय वैद्य के शुभ हाथों से किया गया। यह प्राण कार्ड केंद्र और राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग उन्नीस सौ कर्मचारी ऐसे हैं जो एक नवंबर 2005 के बाद पालिका के सेवा में भर्ती हुए। ऐसे सभी कर्मचारियों का स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (प्राण) कार्ड स्थायी रूप से जारी किये जाएगें। ऑनलाइन पंजीकरण और सेवानिवृत्ति खाता संख्या यानी प्राण कार्ड प्राप्त करने के लिए पासवर्ड लेने जैसे अन्य प्रशासनिक मामले को पूरा कर लिया गया है। इस प्राण कार्ड का वित्तीय लाभ उन सभी कर्मचारियों को उपलब्ध होगा जो 2005 के बाद सरकारी सेवा शामिल अथवा पेंशन धारक में है। 2005 के बाद सरकारी सेवा में आये सभी कर्मचारियों को इस प्राण कार्ड निकाल लेने की आवश्यकता है। पालिका आयुक्त एवं प्रशासक अजय वैद्य ने बताया कि भिवंडी महानगर पालिका केंद्र और राज्य सरकार में राष्ट्रीय पेंशन योजना लागू करने वाला महाराष्ट्र का पहली महानगर पालिका है।



# प्रयागराज में छात्र की हत्या, भीड़ ने एंबुलेंस तोड़ी

### छेड़छाड़ के विरोध पर भाई को पीटकर मार डाला, आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने की मांग, 4 गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज में बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर 10वीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बीच सड़क पर घेरकर उसे पटरे से तब तक पीटा, जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। वह आधे घंटे सड़क पर तड़पता रहा। पास में जमीन पर बदहवास पड़ी बहन सभी से बचाने की मिन्नतें करती रही, लेकिन लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे।

किसी ने हमलावरों को रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई। थोड़ी देर में छात्र की सांसें थम गईं। वारदात सोमवार दोपहर की खीरी चौराहे की है। हमलावर गैर-समुदाय से होने के कारण हजारों की संख्या में वहां लोग जुट गए हैं। सोमवार देर रात तक प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फिर भीड़ उग्र हो गई। सड़क पर खड़ी एंबुलेंस तोड़ डाली। मामले के साम्प्रदायिक रंग लेते देख कई थानों की पुलिस और पीएसी मौके पर बुला ली गई है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि सभी आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाया जाए। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा और डीएम संजय खत्री आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, छात्र के हत्यारोपी खीरी ग्राम सभा के प्रधान मोहम्मद यूसुफ समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।







### SO और चौकी इंचार्ज सस्पेंड, 5 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

मामले में भारी विरोध और प्रदर्शन के बाद पुलिस ने हत्या के सभी 5 आरोपियों को पकड़ लिया है। इनमें 3 नाबालिग बताए जा रहे हैं। वहीं, कमिश्नर ने लापरवाही में एसओ नवीन कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, पुलिस ने अभी हमलावरों के नाम नहीं बताए हैं। इससे पहले, सोमवार को हत्या के बाद पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा समेत कई बड़े अफसर मौके पहुंचे। करीब 9 घंटे तक परिजनों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद कमिश्नर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। मृतक छात्र का नाम सत्यम शर्मा (16) है। वह पुरादलू गांव का रहने वाला था। सत्यम परमानंद इंटर कॉलेज में 10वीं में पढ़ता था।

# चीन ने अरुणाचल, अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया

### जयशंकर बोले- चाइना की पुरानी आदत, पहले भी नक्शे निकाले, उनके दावों से कुछ नहीं होता



नई दिल्ली। चीन की ताजा हरकत से एक बार फिर उसके गलत इरादे जगजाहिर हो गए हैं। चीन ने सोमवार को अपने स्टैंडर्ड मैप का 2023 एडिशन लांच किया, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपने देश का हिस्सा बता दिया है। इतना ही नहीं, ताइवान और विवादित दक्षिणी चीन को भी चीन के लेटेस्ट नक्शे में दर्शाया गया है। बता दें कि भारत अरुणाचल प्रदेश के बारे में लगातार कहता रहा है कि यह प्रदेश उसका अभिन्न हिस्सा था है और हमेशा रहेगा।

### सोमवार को किया जारी

चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर यह नक्शा पोस्ट किया है। इस पोस्ट में लिखा है कि चीन के स्टैंडर्ड मैप का 2023 का ऑफिशियल एडिशन सोमवार को जारी किया गया। इसके मुताबिक इसे प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय द्वारा होस्ट की जाने वाली मानक मानचित्र सेवा की वेबसाइट पर लॉन्च किया गया।

### इन देशों के हिस्से भी

चीन के इस नक्शे में ताइवान द्वीप और दक्षिण चीन सागर के एक बड़े हिस्से को चीनी क्षेत्र के रूप में भी शामिल किया गया है। इन दोनों पर भी चीन ने दावा किया है। चीन ताइवान को अपनी मुख्य भूमि का हिस्सा बताता है और मुख्य भूमि के साथ इसका एकीकरण चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के एक निर्धारित उद्देश्य का हिस्सा है। वियतनाम, फिलीपीन, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान दक्षिण चीन सागर क्षेत्रों पर अपना दावा करते हैं।

### संजय राउत ने पीएम से पूछा सवाल

चीन की इस हिमाकत के बाद सियासी हलकों में सवाल उठने शुरू हो गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) गुट के नेता संजय राउत ने पीएम मोदी से सवाल पूछा है। संजय राउत ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री के अंदर हिम्मत है कि वह चीन पर सर्जिकल स्ट्राइक कर दें? राउत ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री को इस मामले में ध्यान देना चाहिए।

# दो ही मीटिंग में घटाने पड़े सिलेंडर के दाम, केंद्र के फैसले पर ममता का तंज



**कोलकाता।** केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम घटाने के ऐलान के बाद ममता बनर्जी ने इस पर तंज कसा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहाकि हमारी दो ही मीटिंगों में सिलेंडर के दाम 200 रुपए तक घटाने पड़ गए। उन्होंने आगे कहाकि यह इंडिया गठबंधन का दम है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने आज घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम घटाने का ऐलान किया है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस फैसले को मंजूरी मिली है। केंद्र सरकार के इस फैसले का लाभ 33 करोड़ से ज्यादा एलपीजी ग्राहकों को मिलने जा रहा है।

**ट्वीट में कही यह बात:** गैस सिलेंडर के दाम पर केंद्र सरकार का फैसला आने के बाद ममता बनर्जी ने ट्वीट किया। इस ट्वीट में ममता ने लिखा कि बीते दो महीने में इंडिया गठबंधन की दो ही बैठकें हुई हैं। इसके बाद ही हम देख रहे हैं कि एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपए की कमी आ चुकी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने इसके आगे लिखा है कि ये है इंडिया का दम।

# घरेलू गैस सिलेंडर आज से 200 रुपए सस्ता

### भोपाल में 908, जयपुर में 906 रु. हुए दाम, 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दामों में 200 रुपए की कटौती की है। इसके साथ ही दिल्ली में अब कीमत 1103 रुपए से घटकर 903 रुपए, भोपाल में 908, जयपुर में 906 रुपए हो गई। नई कीमत 30 अगस्त यानी रक्षाबंधन के दिन से लागू होगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ओनम और रक्षाबंधन के त्योहार पर दाम घटाकर पीएम मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। देश के 33 करोड़ कंज्यूमर्स को इसका फायदा मिलेगा।

इस फैसले से सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 में 7,680 करोड़ का बोझ आएगा। केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा कि सरकार 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटेगी।

इस साल 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सरकार का यह कदम काफी मायने रखता है। राजस्थान में कांग्रेस ने इसी साल 1 अप्रैल से BPL परिवारों को 500 रुपए में गैस देने की योजना लागू कर दी है। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है।



### इससे पहले मार्च में हुआ था कीमतों में बदलाव

14.2 किलोग्राम वाले घरेलू LPG सिलेंडर के दाम मार्च 2023 में 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई थी। इससे पहले 6 जुलाई 2022 को दामों में बदलाव किया गया था। तब भी कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी।

### जून 2020 से LPG पर नहीं मिल रही सब्सिडी

*जून 2020 से LPG सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिल रही है। दिल्ली में जून 2020 में बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 593 रुपए में मिलता था, जो अब 903 रुपए का हो गया है। अब केवल उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। उज्ज्वला के लाभार्थियों को अब सिलेंडर करीब 700 रुपए में मिलेगा।*

### अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन

*उज्ज्वला योजना के तहत अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इस स्कीम को 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में लॉन्च किया गया था। सरकार ने इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 6,100 करोड़ रुपए खर्च किए थे। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।*




# दलहन की नीलामी ग्यारह बजे से शुरू कराने की मांग



**ललितपुर।** दलहन की नीलामी शुरू किये जाने की मांग को लेकर जिला दाल मिल एसोशियेशन ने लामबंद होकर एक ज्ञापन कृषि उत्पादन मण्डी समिति नवीन गल्ला मण्डी के सचिव को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि एसोशियेशन ने निर्णय लिया है कि प्रति दिन नीलामी सुबह 11 बजे दलहन नीलामी शुरु की जाये जिससे सभी व्यापारी नीलामी में सम्मलित हो सके। यह भी निर्णय लिया कि हम सभी जिला दाल मिल एसोसियेशन के सभी सदस्य किसान द्वारा लाये गये उपज के लिये 1–1 किलो से लेना स्वीकार करेगे। जिससे किसान को अपने पूर्ण उपज को बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बताया कि कि मण्डी स्थल में 3 सुलभ शौचालय है। जो काफी समय से बन्द हैं। जिससे मण्डी मे बाहर आये किसान एवं मजदूर गोदामों के पीछे गन्दगी फैलाते है जो कि सरकार के स्वच्छता अभियान की अवहेलना है। व्यापारियों ने इन शौचालयों को शीघ्र चालू करवाते हुये नियमित रुप से सफाई कराने की मांग उठायी। ज्ञापन देते समय प्रसन्न कुमार जैन, जितेन्द्र जैन, अशोक अनौरा, अरविन्द कुमार साहू, रामस्वरूप साहू, शुभम साहू, अंकित, अमित जैन, संजीव कुमार, महेन्द्र सिंह, संतोष जैन के अलावा अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

# आजादपुरा द्वितीय से पांच आंगनबाड़ी केन्द्र हुये लापता

## पार्षद ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को कराया था अवगत

**ललितपुर।** शहर के वार्ड संख्या 19 मोहल्ला आजादपुरा द्वितीय में संचालित पांच आंगनबाड़ी केन्द्र लापता हो गये हैं। इन केन्द्रों को जहां एक ओर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावक, धात्री व गर्भवती महिलायें खोजने में जुटी हुयी हैं। ताकि उन्हें केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके। कागजों में संचालित इन आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोजने के लिए वार्ड की पार्षद ने करीब 2 माह पहले लिखित रूप से जिला कार्यक्रम अधिकारी को अवगत कराया था। लेकिन विभाग की शिथिल कार्यप्रणाली के चलते लापता हुये आंगनबाड़ी केन्द्र आज तक लाभार्थियों के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो सके हैं।

दरअसल, जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को कुपोषण जैसी भयावह बीमारी से बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों पर बच्चों की नियमित रूप से जांच के साथ वजन करना




और बीमारी होने पर समुचित सलाह देकर चिकित्सालय में उपचार परामर्श करना है। इसके अलावा कुपोषण की गिरफ्त में आ रहे बच्चों को पोषाहार वितरण कर उनकी सेहत को सुधारने का काम है। साथ ही धात्री महिलाओं की समय-समय पर देखभाल करते हुये गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच और सुरक्षित प्रसव को लेकर कार्य करना है। लेकिन वार्ड संख्या 19 में खोले गये पांच आंगनबाड़ी केन्द्र सरकार की तमाम योजनाओं का माखौल उड़ाते हुये अपने पते से ही लापता हैं। वार्ड के मोहल्ले में निवासरत लोगों को जानकारी भी नहीं कि उनके आंगनबाड़ी केन्द्र कहां-कहां संचालित हो रहे हैं। ऐसे में पात्रों को सरकार से संचालित योजनाओं का लाभ कैसे मिल पा रहा होगा, यह स्वत-विचारणीय है। इस मामले में जब जिला कार्यक्रम अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता की गयी तो उन्होंने वार्ड और मोहल्ले का नाम भर पूछते हुये इसे दिखवाने की बात कही।

कार्यक्रम अधिकारी का लहजा इस प्रकार का था, मानो इन्हें पांच आंगनबाड़ी केन्द्र लापता होने की जानकारी मिलने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ा और साहब ने मीटिंग में होने की बात कहते हुये फोन काट दिया। जिला प्रशासन को जनहित में इस मामले में हस्तक्षेप करते हुये लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लापता हुयीं पांच आंगनबाड़ी केन्द्रों की खोजबीन कराने की आवश्यकता है।

# स्कूलों में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

## छात्राओं के बीच हुई मेंहदी प्रतियोगिता




**ललितपुर।** नगर के मोहल्ला आजादपुरा द्वितीय में संचालित एस.बी.एन. कान्वेन्ट जू. हाई. स्कूल में बहन भाई के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम व हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की सुंदर-सुंदर राखियां बनाई गई। प्रधानाचार्य आराधना शर्मा ने छात्राओं द्वारा छात्रों को राखी बांधकर कार्यक्रम का आगाज किया गया। इसके बाद छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें की राखी से संबंधित विभिन्न प्रकार के गाने भी प्रस्तुत किए गए, जैसे कि चंदा का तारों का कहना है, भैया मेरे चंदा, भैया मेरा सबसे सुंदर इत्यादि गानों पर स्किट भी प्रस्तुत की गई।

स्कूल के डायरेक्टर अशोक सेन द्वारा राखी के बारे में विस्तारपूर्वक छात्र-छात्राओं को बताया गया कि भाई और बहन के पाक पवित्र रिश्ते का त्यौहार होता है रक्षाबंधन। हर भाई को चाहिए कि वह अपने भाई बहन से कभी अलग ना हो और राखी पर दिए गए वचन को हमेशा निभाना चाहिए बहन और भाई के प्यार को रक्षाबंधन एक सूत्र में बांधकर रखती है। विद्यालय के शिक्षिकाओं द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। एस.बी.एन. स्कूल में मंगलवार को कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अलग-अलग अंदाज में मेहंदी लगाने को लेकर खासे तैयारियां की गई थी। इस मेहंदी प्रतियोगिता में हिस्सेदार प्रतिभागियों में छात्राएं शामिल रही। इस दौरान शिवांशु सेन, आराधना शर्मा, मोहिनी साहू, रानी कुशवाहा, पलक सेन, रानी सेन, नेहा, ज्योति, स्नेहा, मुस्कान, अनिल, नमृता, अंशिका, रीता, प्रियंका, अनुष्का, उमा, साक्षी, जूली, संगम आदि मौजूद रहे।

# रक्षाबन्धन पर्व पर खाद्य सुरक्षा टीम ने नगर क्षेत्र व तालबेहट में की छापेमारी

## अभियान के दौरान रंगीन छैना, खोया, पनीर, बेसन के लडडू, पेड़ा के भरे नमूने

**ललितपुर।** नगर पालिका ललितपुर क्षेत्र एवं तालबेहट क्षेत्र मे खाद्य सुरक्षा टीम मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी आलोक सिंह व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय चितरंजन कुमार के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रशांत मलैया के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय श्रीवास के साथ ललितपुर नगर क्षेत्र में छापामार कार्यवाही करते हुए दीपक साहू की दुकान से 01 खोया व पनीर का नमूना एवं नझाई बाजार नगर क्षेत्र में थोक लडडू विक्रेता कैलाश नारायण साहू से लडडू का नमूना लिया तथा इसके उपरांत तालबेहट क्षेत्र में नया बस स्टैण्ड पर संतोष कुशवाहा से रंगीन छैना का नमूना, मानसिंह रैकवार से पेड़ा का नमूना व वीरेंद्र कुशवाहा से छैना का नमूना



लिया। सभी नमूने खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला से जांच कराने हेतु प्रेषित किए गए।

प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट पाए जाने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही दूषित खाद्य पदार्थों की कहीं बिक्री हो रही है तो उसकी सूचना विभाग को दे ताकि सम्बन्धित दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। इस अभियान में कोतवाली तालबेहट से कांस्टेबल बालेंद्र कुमार और पीआरडी जवान भान सिंह यादव उपस्थित रहे।

# यूटा शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

## समस्याओं के जल्द निस्तारण की उठायी मांग

**ललितपुर।** यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन टीम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विभिन्न मुद्दों से सम्बन्धित एक ज्ञापन सौंपा। यूटा शिक्षकों ने समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग उठायी। ज्ञापन में जिला, ब्लॉक कार्यालय से अस्थाई ड्यूटी हटाये जाने, चयन वेतनमान की पत्रावली जल्द पूरी किये जाने और यथाशीघ्र निस्तारण किये जाने, जिन स्कूल में विद्युत व्यवस्था नहीं है, वहां व्यवस्था कराने,



विद्यालय का निरीक्षण 15–20 मिनिट बाद किये जाने, वास्तविक स्थिति जाने बगैर कोई भी विभागीय कार्रवाई ना किये जाने, जिला में तैनात शिक्षामित्रों (एसएसए–परिषद), अनुदेशों की सैलरी प्रत्येक माह की पहली तारीख में दिये जाने, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण में अनुचर/अनुदेशक निजी हित के लिए साथ लाए जाते है जो उचित नही हैं, मेडिकल लीव ऑनलाइन होने के बाद भी ऑफ लाइन डॉक्यूमेंट मांगे जाते है अन्यथा की स्थिति में विगत दिनों का पैसा रोक दिया जाता है, जो अनुचित है के अलावा और भी अन्य मुद्दों को भी सुलझाने की मांग उठायी गयी। अंत में महामंत्री प्रमोद तिवारी ने आभार जताया। इस दौरान जिला संयोजक सतीश रठानिया, जिलाध्यक्ष अनिल राठौर, अंशु नामदेव, गीता साहू, चित्रा तिवारी, दिनेश कुमार, अमित श्रीवास्तव, मनोहर नामदेव, अरुण राठौर, संदीप कुमार, रविशंकर झा, बबीता राजा, सुनील कुमार, विकास कुमार, रोहित घनघोरिया, धनीराम पाल, ऋषिशरण सोनी, राजेन्द्र कुमार, अश्विनी झा, संदीप तोमर, विकास कुमार, देवेन्द्र कुमार, श्रीराम अहिरवार, समरेंद्र पाल, अरुण राठौर, नीरज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब सेंटेनियल के तत्वाधान में अर्धांगिनियों ने मनाया हरियाली तीज, मुख्य अतिथि रहीं सपना संदीप सरावगी

## मुख्य अतिथि सपना संदीप सरावगी ने तीज क्वीन जूही श्रीवास्तव को उपहार देकर किया सम्मानित




**झांसी।** जीवन शाह स्थित एक होटल में लायंस क्लब झांसी सेंटेनिटल के तत्वावधान में सपना संदीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य में अर्धांगिनियों ने मनाया हरियाली तीज पर्व। सर्वप्रथम कार्यक्रम की संयोजिका लायन जूही श्रीवास्तव ने संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) लायन सपना संदीप सरावगी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्वागत पश्चात भगवान बाल कृष्ण की प्रतिमा पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात सपना संदीप सरावगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हरियाली तीज पर अर्धांगिनिया पारंपरिक पोशाक में नजर आईं। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों में क्विज प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिताओं में अर्धांगिनियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। तो वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपना संदीप सरावगी जज की भूमिका नजर आईं। कार्यक्रम के अंत में जज के निर्णय अनुसार हरियाली तीज के परिधान एवं सोलह श्रृंगार के आधार पर लायन जूही श्रीवास्तव को हरियाली तीज क्वीन चुना गया। तो वहीं द्वितीय पुरुष्कार लाइन रश्मि सिंह को दिया गया। सपना संदीप सरावगी ने विजेताओं को उपहार देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सपना संदीप सरावगी ने हरियाली तीज के महत्व को बताते हुए कहा कि हरियाली तीज के दिन माता पार्वती ने कठोर तप किया था और इसी तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। यही कारण है कि इस दिन व्रत रखने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शुक्रवार 1 सितम्बर 2023


# जीरोधा के को-फाउंडर का बॉलीवुड कनेक्शन, मानुषी छिल्लर के बाद रिया चक्रवर्ती के साथ आया नाम





**जीरोधा** के को-फाउंडर निखिल कामथ इन दिनों फिर से खबरों की सुर्खियों में हैं. वैसे तो कामथ अक्सर ही सुर्खियों में बने रहते हैं, क्योंकि उनकी गिनती सबसे कम उम्र में अरबपति बनने वाले लोगों में की जाती है.

निखिल कामथ की नेटवर्थ करीब 9000 करोड़ रुपये की है और हाल ही में उन्होंने बिल गेट्स के फाउंडेशन को अपनी संपत्ति का अधिकांश हिस्सा दान करने का ऐलान किया और समाजसेवा में अव्वल बिजनेसमैन की कतार में शामिल हो गए. इस बार निखिल कुछ अन्य कारणों से सुर्खियां बटोर रहे हैं. खबरों में ऐसा बताया जा रहा है कि युवा बिजनेसमैन इन दिनों बॉलीवुड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को डेट कर रहे हैं.

बिजनेस टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, निखिल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर रिया को फॉलो करना शुरू किया है. उसके बाद रिया भी निखिल को इंस्टाग्राम पर फॉलो कर रही हैं.

रिया चक्रवर्ती का नाम काफी विवादों में रह चुका है. उनका नाम एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड मामले में आया था और उन्हें बुरे मीडिया ट्रायल के दौर से गुजरना पड़ा था.

निखिल कामथ की बात करें तो इससे पहले उनका नाम बॉलीवुड की एक अन्य एक्टर मानुषी छिल्लर के साथ जुड़ता रहा है. बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ने 2021 में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था. एक्टर व मॉडल मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड रह चुकी हैं. उन्हें साल 2017 में मिस वर्ल्ड चुना गया था. उन्हें और कामथ को कई मौकों पर एक साथ देखा गया था. दोनों पिछले साल कतर में फुटबॉल वर्ल्ड कप के दौरान भी साथ नजर आए थे. निखिल की शादी 2019 में हुई थी, लेकिन वह 2021 में तलाक के बाद अलग हो गए थे. उसके बाद निखिल और मानुषी ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था. अभी दोनों एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर चुके हैं.

# बॉलीवुड में काम करने पर मनीषा रानी ने कहा ...



**मनीषा** रानी ने 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' में अपनी परफॉर्मेंस से गर्दा उड़ा दिया था. अब बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद वो जल्द ही टोनी कक्कड़ के साथ म्यूजिक एल्बम में नजर आने वाली हैं.

एक्सक्लूसिव बातचीत में मनीषा रानी ने उनकी बॉलीवुड की दीवानगी के बारे में बात की. जब हमने बिहार की इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से पूछा कि वो अगले पांच साल में खुद को कहां देखती हैं, तब जवाब देते हुए मनीषा रानी ने कहा कि उन्हें बड़ी फिल्म में काम करना है. मनीषा रानी ने कहा, 'फिलहाल तो मैंने इस बारे में कुछ सोचा नही है, लेकिन मैं मानती हूं कि सोचने से कुछ भी नहीं होता बल्कि हमारे करने से सब कुछ होता है. मेरा मन है कि मैं किसी बड़ी फिल्म या म्यूजिक वीडियो में नजर आऊं. अगर मुझे फिल्म में दस मिनट का भी काम मिल जाए तो भी मैं वो काम शिद्दत से कर लूंगी. वैसे तो मैं जिंदगी में बहुत कुछ करना चाहती हूं और इसलिए मैं खूब मेहनत भी कर रही हूं. मुझे पूरी उम्मीद है कि एक दिन, मैंने जो कुछ भी चाहा है, वो सब कुछ मुझे मिल जाएगा.'

बिग बॉस ओटीटी 2 के बाद ये कहा जा रहा है कि मनीषा रानी कलर्स टीवी पर ऑन एयर होने वाले बिग बॉस 17 में नजर आने वाली हैं. हालांकि इस बारे में मनीषा रानी ने किसी भी प्रकार की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उन्होंने कहा है कि रियलिटी शो की बात करें तो, बिल्कुल क्यों नहीं? अगर मुझे दर्शकों का इतना ही प्यार मिलता रहा तो मैं फ्यूचर में रियलिटी शो जरूर करना चाहूंगी.

# प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं रुबीना दिलैक



**एक्ट्रेस** रुबीना दिलैक अपनी पर्नसल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती है. पिछले कई दिनों से उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर खबरें आ रही थीं. दरअसल, रुबीना ने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की थी. फोटोज में फैंस ने एक्ट्रेस बेबी बंप स्पॉट किया. जिसके बाद से उनकी प्रेग्नेंसी की खबरें सोशल मीडिया पर छाने लगीं. 'एक्ट्रेस चार महीने प्रेग्नेंट हैं. ये सच है कि रुबीना और अभिनव अपना फर्स्ट बेबी एक्सपेक्ट कर रहे हैं. रुबीना चार महीने प्रेग्नेंट हैं और अगले साल की शुरूआत में उनकी डिलीवरी होगी. रुबीना मदरहुड को लेकर बहुत खुश और एक्साइटेड हैं. कपल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर प्राइवेट है. और इसी कारण से वो इस प्रेग्नेंसी को स्पॉटलाइट से दूर रखना चाहते हैं. और प्राइवेसी में इस नए फेज को एंजॉय कर रहे हैं. लाइमलाइट से दूर रहने का एक कारण ये भी था कि एक्ट्रेस लॉन्ग वेकेशन के लिए यूएस गई हैं.'

मालूम हो कि रुबीना दिलैक की शादी एक्टर अभिनव शुक्ला के साथ हुई थी. दोनों अपनी शादीशुदा जिंदगी में काफी खुश हैं और एंजॉय कर रहे हैं. कपल ने बिग बॉस 14 में हिस्सा लिया था. इस शो में रुबीना ने खुलासा किया था उनके और अभिनव के बीच में अनबन चल रही थी. दोनों का रिश्ता इस मुकाम पर पहुंच गया था उन्होंने तलाक का फैसला कर लिया था. हालांकि, बिग बॉस ने दोनों की जिंदगी में अहम रोल निभाया और दोनों फिर साथ में आ गए. रुबीना दिलैक इस सीजन की विनर बनीं. उनकी स्ट्रॉन्ग पर्सनैलिटी को फैंस ने खूब सराहा था और प्यार दिया था.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .